राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
NATIONAL INSTITUTE OF OPEN SCHOOLING
आईएसओ 9001 : 2015 प्रमाणित/ISO 9001 : 2015 certified
(स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था)
(An Autonomous Institution Under Deptt. Of School Education and Literacy, Ministry of Education, Govt. of India)

सं. 46-37.1/2023/एनआईओएस/प्रशा./रा.भा. दिनांक : 25.09.2023

<u>कार्यालय आदेश</u>

जैसा कि सर्वविदित है, एनआईओएस प्रत्येक वर्ष सितंबर माह में हिन्दी पखवाड़ा समारोह मनाता है। इसी परंपरा का पालन करते हुए इस वर्ष दिनांक 14 से 28 सितंबर, 2023 तक हिंदी पखवाड़ा समारोह मनाया जाए।

अध्यक्ष महोदया ने इस बारे में विशेष संज्ञान लेते हुए निदेश दिया है कि सभी क्षेत्रीय कार्यालय हिंदी पखवाड़ा समारोह को मात्र औपचारिकता न समझें अपितु हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए इसे एक सार्थक मंच बनाएं।

इस समारोह के आयोजन के लिए मुख्यालय से निम्न तालिका के अनुसार क्षेत्रीय कार्यालयों को निर्दिष्ट राशि अनुमोदित की गई है :-

वर्ग 1	वर्ग 2
हिंदी भाषी क्षेत्रीय केंद्र	**हिंदीतर भाषी क्षेत्रीय केंद्र**
देहरादून, दिल्ली, पटना, प्रयागराज, भोपाल, जयपुर, धर्मशाला, रायपुर, रांची	चंडीगढ़, पुणे, भुवनेश्वर, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोच्चि, कोलकाता, बेंगलुरू, गांधीनगर, विशाखापट्टनम, चेन्नई, जम्मू और गंगटोक

नोट : कार्मिकों की संख्या कम होने के कारण इन्हें राशि आबंटित न करके उप क्षेत्रीय केंद्र दरभंगा को क्षेत्रीय केंद्र पटना के साथ, उप क्षेत्रीय केंद्र शिलांग को क्षेत्रीय केंद्र गुवाहाटी के साथ और एनआईओएस प्रकोष्ठ पोर्टब्लेयर को क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता के साथ ऑनलाइन सहभागिता करने का निदेश दिया जा सकता है।

अनुशंसित राशि* :

वर्ग 1 : रु. 10000/- प्रत्येक क्षेत्रीय केंद्र के लिए।
वर्ग 2 : रु. 15000/- प्रत्येक क्षेत्रीय केंद्र के लिए।

पखवाड़ा समारोह कार्यक्रम का आयोजन इस प्रकार होगा:-

1. क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य द्वार एवं कार्यक्रम आयोजन स्थल पर बैनर लगाए जाएं। बैनर का स्वरूप इस प्रकार होगा-

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान क्षेत्रीय केंद्र .... हिंदी पखवाड़ा समारोह, 2023 14 सितंबर से 28 सितंबर, 2023	राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान क्षेत्रीय केंद्र .... हिंदी दिवस समारोह, 2023 दिनांक : 14 सितंबर, 2023

CamScanner

2. सभी क्षेत्रीय केंद्रों द्वारा 02 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए।

3. 14 सितंबर, 2023 को हिंदी दिवस मनाया जाए एवं प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

4. कार्यक्रम के आरंभ में क्षेत्रीय निदेशक द्वारा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के पाठ्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण देते हुए इसके उद्देश्य एवं मिशन के बारे में जानकारी दी जाए।

5. कार्यक्रम के अंत में एक प्रश्नोत्तर सत्र रखा जाए जिसमें उपस्थित श्रोताओं द्वारा एनआईओएस के विभिन्न कार्यों, पाठ्यक्रमों आदि के बारे में पूछे गए प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर प्रदान किए जाएं।

6. इसके अतिरिक्त अन्य अपेक्षित प्रबंध भी किए जाएं।

साथ ही, कार्यक्रम पखवाड़ा आयोजन पूर्ण होने के बाद फोटो सहित कार्यक्रम की रिपोर्ट राजभाषा अनुभाग को hindicell@nios.ac.in पर ई-मेल द्वारा तत्काल प्रेषित करें ताकि उन्हें समेकित करके मंत्रालय में भेजा जा सके।

25/9/23

एस.विजय कुमार
निदेशक (वि.स.से.)

प्रति:

1. अध्यक्ष महोदया के सूचनार्थ निजी सहायक (अ.का.)
2. सचिव महोदय के सूचनार्थ निजी सहायक (अ.का.)
3. सभी विभागाध्यक्ष को सूचनार्थ निजी सहायक
4. लेखा अधिकारी (लेखा) को निर्दिष्टानुसार क्षेत्रीय कार्यालयों को राशि आबंटन की सूचना हेतु
5. सभी क्षेत्रीय निदेशक, एनआईओएस को आवश्यक कार्रवाई के लिए (संबंधित ई-मेल पर)
6. एसए/पी -एनआईओएस वेबसाइट पर अपलोड कराने के अनुरोध के साथ
7. संबंधित फाइल

CamScanner